(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) से (ङ) कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा समय समय पर विभिन्न कृषि जिसों के लिये मूल्य नीति के संबंध में अपनी रिपोर्टों में की गई सिफारिशों/दिये गये सुझावों पर विचार किया गया है तथा उनके गुणदोष संभाव्यता को ध्यान में रखते हुये अपेक्षित कार्रवाई की गई है।

वर्ष 1992–93 के मौसम में बेची जाने वाली 1991–92 की रबी फसलों को मूल्य नीति, कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट में दिये गये सुझावों को ध्यान में रखकर 17 मार्च, 1992 को घोषित की जा चुकी है।

4086. (*Transferred to the 30th March*, 1992)

Task force in co-operatives

4087. SHRI P. UPENDRA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a task force appointed by the Planning Commission on Co-operatives has suggested apex level changes in the Central and State Governments to review the administrative structure and the process of decision-making; and

(b) whether Government have accepted the main recommendations of the task force and by when these changes are likely to be effected?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN): (a) No, Sir. The Planning Commission have not appointed any task force on co-operatives.

(b) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में कृषि में कीटों तथा रोगों की रोकथाम

4088. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रायोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि में कीटों तथा रोगों की रोकथाम के लिये केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश को कितनी धनराशि उपलब्ध कराई है ;

(ख) इस संबंध में गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश की क्या उपलब्धि रही है; और

(ग) इस संबंध में राज्य का जिला-वार ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान "कृषि महत्व के कृमियों और रोगों पर नियंत्रण" की केन्द्रीय प्रयोजित योजना के तहत उत्तर प्रदेश को आवंटित धनराशि इस प्रकार है:–

वर्ष	आवंटित धनराशि (रुपये)
1988–89	25,43,250
1989–90	25,43,000
1990–91	15,00,000
कुल	65,86,250

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार के हिस्से सहित धन के उपयोग की दृष्टि से वर्षवार उपलब्धियां इस प्रकार हैं :–

	(रुपये) धन के उपयोग में दृष्टि से उपलब्धियां
1988–89	50,50,331
1989–90	43,59,330
1990–91	30,01,186
कुल	1,24,01,847

(ग) धन के उपयोग का जिलावार ब्यौरा, उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा यथासूचित विवरण के रूप में संलग्न है।